हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

4 मार्च 1980

खण्ड 1, अंक 2

अधिकृत विवरण

विशय–सूची

मंगलवार, 4 मार्च, 1980

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एंव उत्तर	(2)1
तारांकित प्र न संख्या 1417 पर आधे घंटे की चर्चा की मांग	(2)9
तारांकित प्र न एंव उत्तर (पुनरारम्भ)	(2)10
नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर	(2)22
अतारांकित प्र न एवं उत्तर	(2)23
व्यैक्तिक स्पश्टीकरण–	
श्री जयनारायण वर्मा द्वारा	(2)39
ध्यानाकर्शण सूचना–	
डीजल की भारी कमी तथा उसकी त्रुटिपूर्ण एवं अनुचित तक्सीम सम्बन्धी	(2)41

संविधान के अनुच्छेद 368 के अधीन सरकारी प्रस्ताव–	
संविधान (45 वां सं ाोधन) विधेयक 1980 सम्बन्धी	(2)42
औचित्य प्र न–	
राज्यपाल के अभिभाशण में पहली सरकार की उपलब्धियां के वर्णन सम्बन्धी	(2)77
राज्यपाल के अभिभाशण	(2)77
बैठक का समय बढाना	(2)89
राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुरारम्भ)	(2)89
अध्यक्ष द्वारा औब्जर्वे ान–	
सदन की बैठकों के समय सम्बन्धी	(2)98

हरियाणा विधान सभा

मंगलवार, 4 मार्च, 1980

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ में 14–00 बजे हुई। अध्यक्ष (कर्नल राव राम सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एंव उत्तर

श्री अध्यक्षः साहेबान, अब सवाल होंगे।

Applications for loan under L.I.G. and M.I.G. Housing Schemes.

*** 1412. Chaudhri Har Swarup Bura:** Will the Minister for Finance be please to state district-wise total number of applications pending for the grant of loan under the L.I.G and M.I.G. Housing Schemes together with the action taken thereon so far?

विकास मंत्री (राव राम नारायण): सूचना (स्टेटमैन्ट) सदन के पटल पर रख दी गई है।

स्टेटमैंट

कम तथा मध्य आय वर्ग योजना (लाई/माई) के अधीन कुछ लम्बित प्रार्थना पत्रों का जिलावार विवरण निम्न प्रकार से है:–

क्रम संख्या	जिले का नाम	कम आय वर्ग योजना	मध्य आय वर्ग योजना
1	अम्बाला	79	59
2	कुरूक्षेत्र	182	7
3	सोनीपत	338	56
4	जीन्द	159	30
5	नारनौंल	110	7
6	गुडगांव	531	76
7	हिसार	1619	68
8	भिवानी	456	16
9	सिरसा	48	80
10	फरीदाबाद	113	170
11	रोहतक	209	14

12	करनाल	भून्य	1

इस वित्तीय वर्श के लिये जीवन बीमा निगम के 66.00 लाख रूपये की रा ि ा स्वीकृत की है। यह रा ि ा अगले कुछ दिनों में उपायुक्तों को भेज दी जाएगी।

चौधरी हर स्वरूप बूराः अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने जो सूचना सदन के पटल पर रखी है उसमें यह लिखा गया है कि 66 लाख रूपया करंट ईयर के लिये एलआईसी से लिया है। क्या मंत्री जी यह समझते है कि जितनी एप्लीके ांज पैंडिग है उनको पूर्णतः मीट आउट के लिये यह रा ि ा काफी है?

राव राम नारायणः स्पीकर साहब, यह रा ि ा काफी नहीं है। ये स्कीमें एलआईसी के लोन से चलाई जाती है पैंडिग एप्लीके ांज के लिये हमें 351 लाख रूपया चाहिए लेकिन इस साल हमें केवल 66 लाख रूपया मिला है। जिसकै कुछेक प्लाके ांज की पूर्ति हो सकेगी।

डा0 मंगल सैनः अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि ये एप्लीके ांज कब से पैंडिग हैं?

राव राम नारायणः स्पीकर साहब, कुछ एप्लीके ांज 1976–77 से पैंडिग हैं, कुछ 1977–78 से और कुछेक 1978–79 से भी पैंडिग है।

श्री अध्यक्षः क्या 1977 से पहले तक की एप्लीके ांज क्लीयर हो चुकी है?

राव राम नारायणः जी हां। केवल 1977 के बाद की एप्लीके ांज पैंडिग है।

श्री बीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि इस 66 लाख रूपए की रा ि ा को बढाने के लिए क्या सरकार कोई स्टैप्स लेगी?

राव राम नारायणः स्पीकर साहब, हमने तो मांग पूरी रखी थी लेकिन एलआईसी से सिर्फ इतनी ही स्वीकृत की गई है।

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री जी बतलायेंगे कि कितनी एप्लीके ांज लोन के लिए पैंडिग है उन सब को पैसा देकर डिस्पोज आफ कर दिया जाएगा?

राव राम नारायणः स्पीकर साहब, एप्लीके ांज डिस्पोज आफ करने का क्राइटेरिया फर्स्ट कम फर्स्ट सर्वड है।

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहती हूं कि जो एप्लीके ांज पैंडिग है उनको डिस्पोज आफ करने का क्राइटेरिया केवल फर्स्ट कम फर्स्ट सर्वड है या और कोई भी आधार है?

राव राम नारायणः अध्यक्ष महोदय, क्राइटेरिया तो फर्स्ट कम फर्स्ट सर्वड का ही है। जो लो–इनकम ग्रुप है उसके लिये 20

परसन्ट रिजर्वे ान है। भाड्यूल्ड कास्ट्स और भाड्यूल्ड ट्राइब्ज के लिए 10 परसैंट हैं और 10 परसैंट एक्स–सर्विस मैन के लिए रिजर्वे ान है। स्वर्ग जाति के लिये रिजर्वे ान नहीं है।

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री जी बतायेंगे कि 66 लाख रूपया जो एल.आई.सी. से लिया है वह किस इंट्रस्ट पर लिया गया है?

राव राम नारायणः यह रा ि ा एल.आई.सी. से 8 परसैन्ट इंट्रस्ट पर ली है और सरकार इस पर साढे तीन परसैन्ट इंट्रस्ट लगाती है। अगर कोई ठीक समय पर इनस्टालमैंट अदा कर देता है तो उसको सरकार की तरफ से अढाई परसैन्ट रीबेट दिया जाता है। (थम्पिंग)

चौधरी राम लाल वधवाः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो लोन की डिस्ट्रब्यू ान की जाती है उसका क्या प्रोसीजर है?

श्री अध्यक्षः वधवा साहब, अभी मंत्री जी ने बताया था कि फर्स्ट कम फर्स्ट सर्वड है।?

श्री जय नारायण वर्माः अध्यक्ष महोदय, अभी मंत्री जी ने फरमाया कि भाड्यूल्ड कास्ट्स और एक्स सर्विसमैंन के लिये रिजर्वे ान हैं तो मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि क्या पिछडे वर्ग के लिए भी रिजर्वे ान है अगर है तो कितनी परसैन्ट है?

राव राम नारायणः अध्यक्ष महोदय, जिस वर्ग के लिए रिजर्वे ान है वह मैंने हाउस में बता दी है। उसके अलावा और कोई रिजर्वे ान नहीं है।

मुख्यमंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, जिस तरह से एक्स सर्विसमैन और हरिजनों के लिए रिजर्वे ान रखी हुई है उसी बेस को देखते हुए जो पिछडा वर्ग है उसका भी सरकार पूरा ध्यान रखेगी और पिछडे वर्ग को भी रिजर्वे ान देने की हम पूरी कोि ा ा करैंगे।

श्री फतेह चन्द विजः अध्यक्ष महोदय, अगर मंत्री जी के नोटिस में लाया जाए कि 1977–78 की एप्लीके ांज पैंडिग है और वे एप्लीके ांज 1977–78 में ही दी गई हैं तो क्या उन्हें लोन देने का आर्डर करेंगे या कि उन एप्लीके ांज को कैंसिल कर दिया गया हैं?

राव राम नारायणः अध्यक्ष महोदय, यदि कोई स्पैसीफिक चीज हमारे नोटिस में लाई जाएगी तो उस पर जरूर एक ान लिया जाएगा।

डा0 मंगल सैनः अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने फरमाया कि इस वित्तीय वर्श में इन्हें एल.आई.सी. से 66 लाख रूपए मिले है। जिस प्रकार के टाईम में इन्हें यह रा ि ा मिली है वह सरकार इनके मुआफिक नहीं थी। अब जो केन्द्र में बहुत भरी मात्रा में दलबदल करने के प चात् इनके मुआफिक सरकार बन गई है।

क्या अब ये केंद्र सरकर से ज्यादा लोन लेने में कामयाब हो सकेंगे? (ाोर)

Mr. Spearker: This question has no relevancy.

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जो सरकार हमारे मुआफिक नहीं थी वह इनके भी मुआफिक नहीं थी। हम भारत सरकार से ज्याद से ज्यादा पैसा लेने की कोि ा ा करेंगे और जितनी भी पैंडिग एप्लीके ांज है उनको मैरिट के आधार पर जल्दी ही निपटाने की कोि ा ा करेंगे।

चौधरी हर स्वरूप बूराः अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने फरमाया कि कुछ कैटेगरीज के लिए कोटा रिजर्वड है। मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि कहीं ऐसी बात तो नहीं है कि रिजर्वड कोटे के लिए एप्लीके ान्ज ही न आई हों?

राव राम नारायणः स्पीकर साहब, ऐसी कोई बात नहीं है कि एप्लीके ांज न आई हों बल्कि एप्लीके ांज से ज्यादा आ रही है।

Pay Commission Report

1417. Shri Preet Singh Chaudhri Ude Singh Dalal Chaudhri Jagjit Singh Pohloo: Will the Minister for Finance be pleased to state-

a. whether the Pay Commission appointed by the Government has since submitted its Report to the Government; if so, a copy thereof be placed on the Table of the House;

b. whether the Government has accepted the recommendations of the Commission in toto; if not, the details of the recommendations rejected by the Government and the reasons therefore;

c. whether the Government proposes to appoint a Committee to remove the anomalies or discrepancies in the pay scales; if any: if so, the time by which it is likely to be appointed;

d. the total expenditure likely to be incurred by the Government in the implementation of the above said recommendations of the Pay Commission; and

e. whether the Commission has recommended uniform pay scales, special pays and selection grade posts for each category of employees in all the departments of State Government; if not, the reasons therefore?

Finance Minister (Lala Balwant Rai Tayal):

a. Yes. A copy each of the two reports submitted by the Chairman and Member of the Pay Commission is @@placed on the Table of the House.

b. The State Government has constituted a committee under the Chairmanship of Chief Secretary to examine the recommendations of the Pay Commission contained in the two reports. On the recommendations made

by this committee, the pay scales of common categories of employees, including police personnel, serving in different departments as also the pay scales of employees in Prisons Department and Archaeology Department have been revised. The new rates of TA/DA & City Compensatory Allowance have also been announced. The recommendations of the Commission about other categories of employees and grant of other benefits are under consideration.

c. Government may consider appointment of a Committee to remove the anomalies or discrepancies in the pay scales, after decision is taken on all the pay scales.

d. The total expenditure on the implementation of the recommendations of the Pay Commission is roughly estimated to be of the order of Rs. 15 crores per annum. Till a decision has been taken on all the recommendations of the Commission, it would not be possible to make more precise estimates of the expenditure.

e. While suggesting different pay scales for each category of employees, the Commission kept in view the minimum educational qualifications and the promotion prospects for them in different department. Uniformity in pay scales, special pay and selection grades has been maintained, wherever possible.

चौधरी उदय सिंह दलालः स्पीकर साहब, विधान सभा सैक्रिटेरिएड के स्टाफ का राज्य के दूसरे स्टाफ के मुकाबले में बडा ऊंचा दर्जा है क्योंकि सियासत का कंट्रोल यही से होता है लेकिन विधान सभा सचिवालय के कर्मचारियों की पे में और

सेक्रिटेरिएड के कर्मचारियों की पे में बडा डिफरैन्स है। क्या मंत्री जी इस बात का वि वास दिलायेंगे कि इस डिफरैन्स को खत्म किया जाएगा?

श्री अध्यक्षः आमतौर पर विधान सभा सचिवालय के बारे में चूंकि सवाल असैम्बली में पूछा नहीं जाता इसलिए मैड्म सवाल को अलाऊ नही करता।

डा0 मंगल जैनः इसीलिये तो ये घाटे में रह जाते हैं।

चौधरी उदय सिंह दलालः इसके बारे में कुछ सोच विचार तो होना चाहिए।

श्री अध्यक्षः इसकी जिम्मेवारी आप मेरे ऊपर छोडे। मैं गवनमैंट से जो भी कमी हैं उसको पूरा करवाने की कोि ा ा करूंगा।

चौधरी उदय सिंह दलालः रिपोर्ट फाईनल होने से पहले आप इस सम्बन्ध में अव य कुछ करने की कृपा करें।

चौधरी राम लाल वधवाः यह सारे हाउस का अनुरोध है कि आप गवर्नमैंट से बात करके इस डिफरैन्स को समाप्त करवाने की कृपा करे।

श्री हीरा नन्द आर्यः मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि चीफ सैक्रेटरी की अध्यक्षता में जो मेटी बनी है यह कब तक विचार पूरा कर लेगी?

लाला बलवन्त राय तायलः बहुत जल्दी।

चौधरी गंगा रामः स्पीकर साहब, पहले तो गवर्नमैंट ने वेतन आयोग बैठाया उसके ऊपर लाखों रूपया खर्च किया। वेतन आयोग ने अपनी रिपोर्ट तैयार की लेकिन इसके बावजूद भी ये कहते हैं कि वेतन आयोग की रिपोर्ट की जांच के लिए गवर्नमैंट ने एक समीति गठित की है।

श्री अध्यक्षः आप सवाल पूछें।

चौधरी गंगा रामः मैं सवाल ही पूछ रहा हूं। इसका मतलब यह हुआ कि गवर्नमैंट ने वेतन आयोग पर वि वास नहीं किया। क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि यह समिति कब तक अपनी रिपोर्ट दे देगी और क्या वेतन आयोग की सारी सिफर ों मानी जाएगी?

मुख्यमंत्री चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात क्लीयर कर देता हूं कि यह कमेटी पे कमी ान की रिपोर्ट की जांच पडताल करने के लिए नहीं है बल्कि पे कमी ान की रिपोर्ट को लागू करने के लिए है। चीफ सैक्रेटरी की अध्यक्षता में यह जो कमेटी बनी है यह सारी बातों को देखेगी ताकि इस रिपोर्ट की जल्दी से जल्दी इम्पलीमैंन्टे ान भ्रारू हो जाए और किसी के साथ बेइन्साफी न हो।

श्री भले रामः मंत्री महोदय ने अभी बताया कि इस रिपोर्ट को इम्पलीमैंट करने के लिए 15 करोड रूपया खर्च होगा।

क्या मिनिस्टर साहब यह बतायेंगे कि इस खर्च को पूरा करने के लिए गांव के लोगों पर टैक्स लगाया जाएगा।

श्री अध्यक्षः यह कोई सवाल नहीं है। (विघ्न) यह तो सीधी सी बात है कि अगर 15 करोड रूपया फालतू खर्च होगा तो उसे कहीं न कहीं से रेज करना पडेगा। इस मौके पर यह पूछना कि यह गांव से रेज होगा या भाहर से रेज होगा कोई सवाल नहीं है।

श्री सुरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि चीफ सैक्रेटरी की अध्यक्षता में जिस कमेटी का गठन किया गया है उसके आख्त्यिार में क्या बात है? क्या वह पे कमी ान की रिपोर्ट में कुछ तबदीली करेगी या उसे उसी रूप में ऐकसैप्ट करेगी, रिजैक्ट करेगी या इम्पलीमैंट करेगी?

श्री अध्यक्षः मुख्यमंत्री जी ने अभी अभी इस बात को स्पश्ट किय था कि यह कमेटी सिर्फ इम्पलीमैंटे ान के लिए बनाई गई है। (विघ्न)

Shri Surrender Singh: But it must be made very much clear whether the report has been accepted in toto or not?

लाला बलवन्त राय तायलः स्पीकर साहब, ऐसा है कि जो पे कमी ान सरकार ने बनाया है उसके दो मैम्बर थे, एक चेयरमैन और एक सेक्रेटरी। उन दोनों की रिपोर्ट अलग अलग

आई है। इसलिए यह कमेटी बनानी पडी। यह कमेटी दोनों रिपोर्टस पर विचार करके अपनी रिपोर्ट देगी और जो ऐम्पलाइज के फायदे की बात होगी उसको हम करेगें।

श्री सुरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मेरे सवाल का जवाब अभी भी नहीं आया है।

लाला बलवन्त राय तायलः अध्यक्ष महोदय, मैंने अभी बताया कि दोनों मैम्बर्ज की रिपोर्ट चूंकि अलग अलग है इसलिए यह कमेटी बनानी पडी। यह कमेटी दोनों रिपोर्ट्स पर विचार करेगी ताकि ऐम्पलाइज के फायदे की बात हम कर सकें।

कामरेड भांकर लालः स्पीकर साहब, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि सचिवालय और हरियाणा राज्य के दूसरे औफिसिज के कर्मचारियों के वेतन में जो फर्क है क्या वह कमेटी की रिपोर्ट से दूर होगा? इसके अलावा मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या हरियाणा सरकार अपने कर्मचारियों को पडौसी राज्य पंजाब और दिल्ली के बराबर पे स्केल्ज देगी या उनमें कुछ फर्क होगा?

(इस प्र न का उत्तर नहीं दिया गया।)

चौधरी राम लाल वधवाः अध्यक्ष महोदय, यह बडा महत्वपूर्ण प्र न है इसका जवाब तो आना चाहिए। (विघ्न)

श्री बलदेव तायलः अध्यक्ष महोदय, अभी मुंख्यमंत्री जी ने बताया कि कमेटी का गठन पे कमी ान की रिपोर्ट को इम्पलीमैन्टे ान के लिए किया गया है। लेकिन वित्तमंत्री जी ने अभी बताया कि ऐसी बात नहीं है बल्कि कमेटी का गठन तो दोंनो रिपोर्टस को सिंकोनाइज करने के लिए किया गया है तो क्या मुख्यमंत्री जी या वित्तमंत्री जी इस पोजी ान को क्लैरिफाई करने की कृपा करेंगे कि दोनों में से किसका वक्तव्य ठीक है?

लाला बलवन्त राय तायलः दोनों का वक्तव्य ठीक है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैं इस बात को क्लीयर कर देता हूं। अध्यक्ष महादेय, पे कमी ान की जो रिपोर्ट आई उसको स्टडी करने के लिए यह देखने के लिए कि आया किसी महकमें के कर्मचारियों के साथ कोई बेइन्साफी तो नहीं हो गई, इसलिए इस कमेटी का गठन किया गया है। हमने कुछ महकमों के कर्मचारियों को, जिन्हें पे–कमी ान से कम पे स्केलू रिकोमैन्ड किए थे, ज्यादा पे स्केल दिए है। यह कमेटी पूरी तरह से जांच पडताल करेगी ताकि किसी कर्मचारी के दिल और दिमाग में यह बात न आए कि उसके साथ भेदभाव बरता गया है। पूरा इन्साफ देने के लिए यह कमेटी बनाई गई है। कमेटी यह देख रही है कि कौन से महकमे में कौन से कर्मचारी को कितनी तनख्वाह मिनी चाहिए। कमेटी गवर्नमैंट उसे स्वीकार करके लागू करवा रही है। बहुत से महकमों में कमेटी की रिपोर्ट को लागू करवा दिया गया है।

Shri Baldev Tayal: Mr. Speaker, Sir, I do not think that my question has been answered fully.

Mr.Speaker: I think that the question has been answered. The Chief Minister has said that the committee which has been constituted will both synchronise the reports and implement them.

Shri Baldev Tayal: Sir, I seek your indulgence for a moment to put my point and then you can decide whether my question has been answered or not.

The Finance Minister has stated that there was a two memebers commission and the reports of both the members are different.

श्री अध्यक्षः बलदेव जी, आपके सवाल को सब समझ गए है और इसका जवाब आ भी गया है कि कमेटी रिपोट्स को सिन्क्रोनाईज भी करेगी और इम्पलीमैंट भी करेगी।

Shri Baldev Tayal: That is what you say, Sir and not the Chief Minister.

Mr. Speaker: That is what I understand.

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य बलदेव जी ने अभी कहा कि उनके सवाल का जवाब नहीं आया। मैं फिर उन्हें बता देना चाहता हूं कि यह कमेटी दोनों बातें करेगी। अगर पे–कमी ान की रिपोर्ट को कंसिडर करके कमेटी यह कहेगी कि फलां महकमें मे कर्मचारियों की पे ज्यादा होनी

चाहिए तो सरकार कमेटी की उस रिपोर्ट पर अव य ही विचार करेगी।

श्री मूल चन्द जैनः मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या इन कर्मचारियों में वर्कचार्जड इम्पलाईज भी भाामिल हैं अगर नहीं है तो इसका क्या कारण हैं?

लाला बलवन्त राय तायलः इसके लिए फै ा नोटिस चाहिए। आप नोटिस दे दें, मैं जवाब दे दूंगा।

श्री अध्यक्षः लौजिकली तो पे–कमी ान की रिपोर्ट रैगूलर इम्पलाईज पर ही लागू होती है।

चौधरी भजन लालः पे–कमी ान की रिपोर्ट परमानेंट कर्मचारियों पर ही लागू होती है। एडहाक और वर्कचार्ज कर्मचारियों पर लागू नहीं होगी। जब एडहोक इम्पलाईज रैगूलर हो जायेंगे तो उन पर भी लागू हो जायेगी।

चौधरी हुक्म सिंहः स्पीकर साहब, दस पन्द्रह हजार वर्कचार्ज्ड मुलाजिम हैं उन पर यह रिपोर्ट लागू नहीं होगी तो बडा भारी अन्याय होगा (विघ्नौ)

चौधरी गंगा रामः स्पीकर साहब, यह रिपोर्ट उन पर भी लागू होनी चाहिए वे तो 35 हजार के करीब है। (विघ्न)

चौधरी संत कंवरः अभी मुख्यमंत्री महोदय ने हाउस में बताया कि एक कमेटी बनायी गयी है और वह कमेटी इस बात को

देखेगी कि किसी वर्ग के इम्पलाईज के साथ कोई भेद–भाव तो नहीं हुआ है? क्या सरकार की जानकारी में यह बात है कि अभी पिछले दिनों मंत्रियों चीफ पार्लियामैंट सैक्रेटरी की तनखाहें बढाने का फैसला हुआ है लेकिन इन वर्कचार्ज इम्पलाईज के साथ क्यों भेदभाव बरता जा रहा है?

श्री अध्यक्षः मेन सवाल ने इस सवाल का कोई सम्बन्ध नहीं है।

तारांकित प्र न संख्या 1417 पर आधे घण्टे की चर्चा की मांग

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, यह बडा ही इम्पोर्टैट मामला है। इससवाल पर और सप्लीमैंटरी पूछने के लिए टाईम दिया जाये। मुख्यमंत्री जी ने जो बात कही है वह टर्म्ज आफ रैफरेन्स के अगेंस्ट है इसलिए इससवाल पर आधे घण्टे की डिस्क ान की इजाजत दी जाये। आल कैटेगरीज आफ इम्पलाईज पे–कमी ान की टर्म्ज आफ रैफरेन्स में इन्कलूडिड है।

आवाजें : इस पर आधे घन्टे की डिस्क ान होनी चाहिए।

चौधरी भजन लालः सरकार को अधिकार है कि किसी भी कैटेगरी की तनखाह किसी भी समय बढा सकती है?

(चौधरी राम लाल वधवा तथा कुछ अन्य सदस्यों की ओर से आधे घंटे की डिस्क ान की मांग)

श्री अध्यक्षः अगर हाउस की यह ओपीनियन है कि इस सवाल पर फरदर डिस्क ान हो तो if a notice is given by a member supported by two othe members, then I will allow half an hour discussion.

तारांकित प्र न एवं उत्तर (पुनराम्भ)

Pensionary benefits to the Provincialised Doctors

***1417. Chaudhri Peer Chand:** Will the Chief Minister be pleased to state-

a. whether the services of qualified doctors in the service of Local Bodies were provincialised in Punjab in the year 1952;

b. if so, the names of the doctors alongwith their length of service whose services were provincialised in the area now comprising Haryana;

c. whether the doctors mentioned in part(b) above opted for Haryana and served the Haryana State after their services were provincialised;

d. whether it is a fact that the Director, Health Service recommended their cases for pension including those who were over 30 years of age at the time of provincialised of their services if so, action if any, taken thereon;

e. whether the Government gave such pensionary benefits to the provincialised teachers including those who were over 30 years of age at the time of provincialised of their services; and

f. if the reply of part(e) above be in the affirmative, whether the Government proposes to extend the same pensionary benefits to the provincialised doctors; if not, the reasons therefore?

मुख्यमंत्री चौधरी भजन लालः

क. जी हां।

ख तथा ग. अपेक्षित सूचना एकत्रित करने में निहित समय तथा परिश्रम प्राप्त होने वाले परिणामों के समानुपात नहीं होगा। फिर भी यदि किसी वि ोश केस के सम्बन्ध में सूचना की आव यकता हो तो नया नोटिस दिए जाने पर उपलब्ध करने के प्रयत्न किए जाएंगे।

घ. जी हां। सरकार द्वारा निदे ाक, स्वास्थ्य सेवाएं की सिफार ों स्वीकार की आ चुकी है।

ड. जी हां।

च. प्रान्तीकृत डाक्टरों को पैन ान सम्बन्धी लाभों की सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

चौधरी पीर चन्दः अभी मुख्यमंत्री महोदय ने बतलाया है कि लोकल बाडीज के डाक्टर्ज की सर्विसिज प्रोविि ायलाइज कर चुके है। मैं उनसे जानना चाहता हूं कि किस डेट से उनको पैन ान दी गयी है?

चौधरी भजन लालः जिस दिन से उनका राश्ट्रीयकरण किया गया है उसी दिन से पैन ान लागू की गई है।

Provincialised of Local Body Schools

***1417. Shri Kanwal Singh:** Will the Minister for Local Government be pleased to state-

a. the number of clerks taken over from the Local Body Schools on their provincialised on 1-10-57;

b. the number of State cadre clerks working in Government Schools as on 30-9-57;

c. whether ratio of promotion between the provincialised and State cadre clerks as Incharge Clerks and Head Clerks was fixed; if so, the details thereof; and

d. if reply to part(c) above be in the affirmative, whether the said ratio has been changed; if so, since when together with the details thereof?

Local Government Minister (Chaudhri Khurshid Ahmed):

a. It is diffcult to give the number of clerks takenover from Local Body Schools on their provincialsation on1-10-57, as this period relates to erstwhile Punjab and no information to this effect is available. However, the number of provincialised clerks allocated to Haryana on 1-11-66 was 104.

b. It is not possible to give the number of clerks belonging to State cadre working in Govt. Schools as on 30-9-57, as the period relates to erstwhile Punjab State and no information to this effect is available. However, the number of State cadre clerks allocated to Haryana on 1-11-66 was 607.

c. Yes, the ratio between provincialised and State cadre clerks for promotion purposes was fixed at 1:10 in 1972.

d. This ratio was changed to 1:5 in 1974 in order to provide more chances of promotion to provincialised clerical staff.

श्री नारायण वर्मा: अध्यक्ष महोदय, सवाल का जवाब हिन्दी में आना चाहिए था।

श्री अध्यक्ष: मेम्बर साहेबान, जहां तक लैंग्वेज का सवात है यह कई दफा हाउस में आ चुका है। कानून के अनुसार हाउस की कार्यवाही तीन भाशाओं में हो सकती है। वह भाशाएं हैं हिन्दी, पंजाबी और अंग्रेजी। इसके अतिरिक्त मैं सभी साहेबान से रिक्वैस्ट कर चुका हूं कि जहां तक मुनासिब हो हिन्दी या पंजाबी में बोलने का परिश्रम करें। अगर कोई सदस्य अंग्रेजी में बोलना चाहता है तो कानून के अनुसार मैं उसको रोक नहीं सकता।

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, प्रोविंशियलाइज्ड काडर बिल्कुल डेमिनिशिंग काडर है उनका संख्या अब बहुत थोडी रह गयी है। उनको तरक्की में पूरा हक नहीं मिल रहा है। क्या मंत्री महोदय सरकार द्वारा किये गये निर्णय पर पुनः विचार करेंगे ताकि उनको भी प्रोमोशन का अवसर मिल सके?

श्री अध्यक्ष: जब आप मिनिस्टर होते थो तो उस समय आपने क्यों नहीं अवसर दिया? (हंसी)

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, जो मैंने आर्डर किये है उनको ये लागू कर दें तो इककी बडी कृपा होगी।

चौधरी खुर ीद अहमदः अगर कोई इनके टाईम का पुराना केस पैंडिग है तो उसको दिखवा लेंगे।

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, आपने यह बात वाजह फरमायी कि सदन की तीन भाशायें है हिन्दी, पंजाबी और अंग्रेजी।

श्री अध्यक्षः डाक्टर साहब, मैं आपसे रिक्वेस्ट करूंगा कि इस प्वायंट को फिर से न उठाये क्योंकि मैं अपनी रूलिंग दे चुका हूं।

डा0 मंगल सैनः मैं आपकी रूलिंग के बारे में कुछ नहीं कहा रहा। मैं तो आपसे रिक्वेस्ट कर रहा हूं कि आप सदन में मैम्बरान को निर्दे ा दे सकते है कि वे हिन्दी में बोलें।

कामरेड भांकर लालः अध्यक्ष महोदय, हमारा प्रान्त हिन्दी भाशी प्रान्त है। इसलिए असैंबली के अन्दर हिन्दी भाशा बोलनी चाहिए न कि अंग्रेजी। इस के अलावा इस प्रदे ा में उर्दू तथा पंजाबी भी बोली जाती है। इसलिए हाउस में अगर उर्दू पंजाबी या हिन्दी में न बोला जाये तो बहुत बडा गुनाह इस प्रान्त के साथ होगा और हिन्दी में न बोलना इस प्रदे ा की संस्कृति के खिलाफ है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः जब मेरी तरफ से रूलिंग आ चुकी है तो उस पर कतई डिस्क ान अलाऊ नहीं करूंगा। I would also request the hon'ble Members not to cast aspersions on each other.

श्री कवंल सिंहः स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने बाया है कि 1–10–1957 से पहले का कोई रिकार्ड हमारे पास नहीं है लेकिन 1–11–1966 को री–और्गेनाइजे ान ऐक्ट के तहत जो लोकल बाडी स्कूल्ज के इम्पलाईज हरियाणा में एलोकेट हुए थे उनको सुविधा देने के लिए क्या सरकार कोई उपाय करेगी?

चौधरी खुर ाीद अहमदः 1–11–1966 को हमारे यहां एलोके ान में जितने भी इम्पलाईज आए थे उन सभी के साथ पूरा इंसाफ किया गया है। उससे पहले 1957 में ज्वाएंट पंजाब के समय में कितने भर्ती किए गए थे वह रिकार्ड हमारे पास नहीं है?

श्री कवंल सिंहः गवर्नमैंट के पास हरियाणा से संबंधित रिकार्ड तो होना ही चाहिए।

चौधरी खुर ाीद अहमदः हमने जो रूल्स बनएं है उनके हिसाब से सभी को सुविधाएं दे दी है। ज्वाएंट पंजाब में जो रूल्ज थे उनमें जाने का कोई इरादा नहीं है।

श्री हीरा नन्द आर्य : क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि जब मैं एजुके ान मिनिस्टर था उस समय जो मैंने आदे ा दिए थे क्या वे लागू कर दिए गए हैं?

चौधरी खुर ाीद अहमदः आदे ा मैरिट बेसिज पर लागू किए जाते है न कि परसनल बेसिज पर।

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि जो कर्मचारी री–आर्गेनाइजे ान के समय हरियाणा में ऐलोकेट हुए है। उनका रिकार्ड आपने खोजनेस की कोि ा ा की है, अगर की है तो क्या उनका रिकार्ड मिल गया है?

चौधरी खुर ीद अहमदः जितने कर्मचारी हमारे पास 1966 में एलेकिट होकर आए हैं, उन सभी का रिकार्ड हमारे पास है। लेकिन कितने ज्वाएंट पंजाब में लिए गये थे उसका रिकार्ड हमारे पास नहीं है।

Shri Baldev Tayal: In reply to part(b) of this question, the Hon'ble Minister has stated that it is not possible to give the number of clerks belonging to State cadre working in Government schools as on 30.09.57 as the period relates to erstwhile Punjab State and no information to this effect is available. I want to know whether the Government has made efforts to collect the information relating to ersthwhile Punjab?

श्री दीपचन्द भाटियाः स्पीकर साहब, जब खुर ीद अहमद साहब अंग्रेजी में बोलते हैं तो अपोजी ान की तरफ से औब्जैक ान होता है लेकिन जब श्री बलदेव तायल अंग्रेजी में बोलते है तो कोई औब्जैक ान नहीं होता कि हिन्दी में बोला जाए।

श्री बलदेव तायलः स्पीकर साहब, मैं हिन्दी में पूछ लेता हूं। क्या मंत्री महोदय यह बताने का कश्ट करेंगे कि जो

इन्फर्मेशन इनके पास ज्वाएंट पंजाब के समय की नहीं हैं उसको कुलैक्ट करने के लिए सरकार ने कोई कोशिश की है?

श्री अध्यक्षः उन्होंने बताया है कि जो 1957 वाला रिकार्ड है वह सरकार के पास नहीं है but the record of the employees who caem to Haryana in 1966, is available with the Government. मिनिस्टर साहब का जवाब बडा क्लीयर है।

Shri Baldev Tayal: He should give a clear reply whether he has got the information or not?

चौधरी उदय सिंह दलालः मैं आपकी मार्फत मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जब पाकिस्तान से आए हुए लोगों का रिकार्ड मंगा कर जमीन एलाट की जा सकती है तो क्या पंजाब से आए हुए कर्मचारियों का रिकार्ड मंगा कर उनको सैटल नहीं किया जा सकता?

श्री अध्यक्षः इस सप्लीमेन्टरी का इस सवाल से कोई संबंध नहीं है।

श्री जय नारायण वर्माः स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने बतलाया है कि पंजाब के समय का मामला है लेकिन जो 1966 में हरियाणा में ऐलोकेट होकर आये, क्या यह सुविधायें उन कर्मचारियों को दिए जाने का विचार नहीं है?

चौधरी खुर शीद अहमदः जो शुरू से भर्ती है उनको सारा लाभ मिलता रहा है।

श्री कंवल सिंहः मंत्री महोदय ने पार्ट (ए) के जवाब में बताया है कि 1–11–66 को 104 प्रोविि ायलाइज्ड क्लर्क्स हरयिाणा में ऐलोकेट हुए लेकिन पार्ट (बी) के जवाब में यह कहा गया है कि 1–11–1966 को स्टेट केडर क्लर्क्स 607 हरियाणा में एलोकेट हुए यह फिगर्ज मुझे मिसलीडिंग लगती है।

श्री अध्यक्षः श्री कंवल सिंह जी, यह जो सवाल आप पूछ रहे है इस बारे में यदि कोई डाउट है तो आप मिनिस्टर साहब से पर्सनली मिल कर क्लीयर कर लें।

Amount of grants for Haryana Khadi and Village Industries Board

***1419. Chaudhri Rajinder Singh:** Will the Chief Minister be pleased to state-

a. the total amount of grants received from Government of India by the Haryana Khadi and Village Industries Board during the years 1978-79 and 1979-80; separately; and

b. whether the amount of the grants was fully utilized by by the said Board during the period as referred to in part(a) above; if not, the reasons therefore?

मुख्यमंत्री चौधरी भजन लालः

क. केन्द्रीय सरकार से हरियाणा खादी तथा ग्रामोदयोग बोर्ड ने वर्श 1978–79 तथा वर्श 1979–80 में कोई अनुदान प्राप्त नहीं किया।

ख. प्र न ही नहीं उठता।

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने का कश्ट करेंगें कि हरियाणा खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड को खादी ग्रामोद्याग कमी ान से कितनी ग्रान्ट मिली है?

चौधरी भजन लालः पिछले साल 16 लाख रूपये दिए थे और इस साल 23 लाख रूपये दिए हैं।

चौधरी संत कंवरः क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार की तरफ से खादी बोर्ड को यह हिदायत जारी की गई है कि भट्टे में जो मजदूर काम करते हैं अगर वे कर्मचारी अपनी कोई सोसायटी बनाकर भट्टा लगाना चाहें तो दूसरे लोगों को लोन देने की बजाए क्या उन कर्मचारियों की सोसायटी को लोन दिया जाए?

श्री अध्यक्षः यह सप्लीमेन्टरी इस सवाल से सम्बन्धित नहीं है। यह सैपरेट सवाल है।

श्री मूल चन्द मंगलाः क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि पिछले साल खादी बोर्ड की ओर से इंडिविजुअल को कितना लोन दिया गया और सोसायटी को कितना लोन दिया गया था?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, पिछले साल खादी बोर्ड ने 1 करोड 51 लाख और 46 हजार रूपया लोन दिया है।

इस लोन में से इंडिविजुअल को भी लोन दिया गया और सोसायटीज को भी लोन दिया गया है।

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री महोदय ने बताया है कि केंद्रीय सरकार की ओर से खादी बोर्ड को कोई अनुदान की रा ि ा नहीं मिली बल्कि खादी कमी ान की ओर से पिछले साल 16 लाख रूपया मिला था और इस साल 23 लाख रूपया मिला है। क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि हरियाणा खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने कितनी रा ि ा का प्रयोग किया है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, अभी मैंने बताया है कि वर्श 1978–79 में बोर्ड को 16 लाख रूपया मिला था और उसमें से साढे बारह लाख रूपया बोर्ड ने बांटा। इस साल यानि 1979–80 में बोर्ड को 23 लाख रूपया मिला है। इस चालू साल में हम कोि ा ा करेंगे कि जितना रूपया हमें मिला है वह अनुदान की भाक्ल में बांट दें। जो भी पैसा मिलता है वह स्कीमों के आधार पर मिलता है। जितनी भी स्कीम्ज हैं हमारी कोि ा यही होगी कि उन सारी स्कीम्ज को पैसा दे दिया जाए।

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, मेरे प्र न के आधे हिस्से का जवाब तो आया ही नहीं है (व्यवधान)।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, अगर ये चाहती हैं तो मैं वह भी बता देता हूं लेकिन चेयरमैन का असर पडता है।

अध्यक्ष महोदय, अभी तक 23 लाख रूपए में से सिर्फ अढाई लाख रूपया तकसीम किया गया है।

Shri Jai Narain Verma: On a point of personal explanation, Sir.

Mr. Speaker: I will give you time after the question hour.

श्री लहरी सिंह मेहराः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री महोदय ने बताया है कि पिछले साल सोलह लाख रूपए में से साढे बारह लाख रूपया बांटा गया। अध्यक्ष महोदय, इस तरह से पिछले साल करीब साढे तीन लाख रूपया लैप्स हो गया। इस साल केवल अढाई लाख रूपया बांटा गया है। क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि बाकी रूपया क्या इस साल भी लैप्स हो जाएगा?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, अनुदान लैप्स नहीं होता है वह अगले साल में काउन्ट हो जाता है।

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री महोदय ने बताया है कि 23 लाख रूपया के अनुदान में से अढाई लाख रूपया बांटा गया है। क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकार यह रूपया न बांटना चाहती हो और खादी बोर्ड के चेयरमैन का जबरदस्ती नाम लगाकर बहाना बनाना चाहती हों?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, 23 लाख रूपए में से सिर्फ अढाई लाख रूपए का बांटा जाना कोई अच्छी बात नहीं हैं लेकिन इसमें सरकार बीच में कम आती है। बोर्ड के चेयरमैन की डयूटी है कि वह ज्यादा से ज्यादा अनुदान तकसीम करे लेकिन अनुदान तकसीम नहीं हुआ। हम पूरी कोि ा ा करेंगे इस साल जिसमें 25–26 दिन बाकी रहते हैं 31 मार्च तक ज्यादा से ज्यादा अनुदान बांट दें।

श्री मूल चन्द जैनः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री महोदय ने बताया है कि 23 लाख की ग्रांट में से केवल अढाई लाख रूपया बांटा गया है। क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि कम ग्रांट बांटने का कारण कहीं यह तो नहीं कि जब भजन लाल सरकार आई तो उसने पिछली सैक्रेटरी को हटाकर बोर्ड का नया सैक्रेटरी लगा दिया और उस नए सैक्रेटरी ने बोर्ड को फंक ान ने होने दिया? क्या कम ग्रांट बंटने का यही कारण तो नहीं है?

श्री अध्यक्षः इस सप्लीमेन्टरी का इस सवाल से कोई सम्बन्ध नहीं है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, उनको हटाने की नौबत नहीं आती यदि वह ठीक तरह से काम करते तो।

श्री भले रामः क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि क्या उस सैक्रेटरी ने पैसे का मिसयूटिलाइजे ान किया

था और अगर मिसयूटिलाइजे ान नहीं किया था तो उसको क्यों हटाया गया था?

(इस प्र न का उत्तर नहीं दिया गया)

चौधरी पीर चन्दः अध्यक्ष महोदय, ऐसा होता है कि लोन लेने वाले होते हैं अगर चेयरमैन या दफ्तर वालों की उनसे कोई बात नहीं बनती तो लोन नहीं बंटता। क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि क्या इस तरह की कोई बात उनके नोटिस में है?

(इस प्र न का उत्तर नहीं दिया गया)

श्री हीरा नन्द आर्यः क्या मुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि बोर्ड की रकम न बांटने का कारण कहीं यह तो नहीं कि जिस प्रकार डिफेक ान कराने के लिए कोई दबाव डाला जाता है उसी प्रकार चेयरमैन पर भी दबाव डाला गया हो कि यह रूपया न बांटा जाये और अब रूपया न बांटने पर उनको बदनाम किया जा रहा हो? (व्यवधान)

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, डिफेक ान का अगर कोई हरियाणा में जन्म दाता कहा जाए तो वह श्री आर्य को कहा जा सकता है जिन्होंने एक दिन में छह बार डिफेक्ट किया (व्यवधान)।

श्री हीरा नन्द आर्यः आप तो डिफेक ान के होलसेल डीलर है।

Mr. Speaker: I would request the hon. Members not to cast aspersions on any indivisual (Interruptions).

एक आवाजः स्पीकर साहब, सब को पता होना चाहिए कि पहले यहां पर क्या होता रहा है (व्यवधान)।

श्री अध्यक्षः क्योंकि हाउस में ज्यादातर मैम्बर साहेबान नए हैं इसलिए इसके बारें में क्लानी चलानी पडेगी कि पहले क्या होता रहा है (व्यवधान)।

डा0 मंगल जैनः स्पीकर साहब, आपकी रूलिंग के बाद तो किसी को नहीं बोलना चाहिए और खासतौर पर जो होलसेल का काम करने वाले हैं चाहे वे घी के होलसेल का काम करते हैं... .....(व्यवधान)। आपकी व्यवस्था के ऊपर तो किसी को भी नहीं बोलना चाहिए। आपके हुक्म की हरेक को पालना करनी चाहिए (व्यवधान)।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, इन्होंने होलसेल की बात ठीक कही है लेकिन हमने रेल में दवाई नहीं बेची (व्यवधान)।

डा0 मंगल जैनः हाजी मस्तान हम भी कभी नहीं रहे (व्यवधान)।

Mr. Speaker: Order please. देखिये, मैं फिर मैम्बर साहेबान से रिक्वैस्ट करूंगा कि किसी के ऊपर एसप र्सन कास्ट न करें इससे हाउस की भाोभा नहीं बढती है। (ाोर एवं व्यवधान)

डा0 मंगल जैनः स्पीकर साहब, आपने बजा फरमाया है इसलिये चुन्नी बेचने का जिक्र भी यहां परप नहीं करना चाहिये। (ाोर एवं हंसी)

श्री सुरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, इस किस्म की बातें हाउस के अन्दर नहीं होनी चाहिए क्योंकि इनमें अभी और भी डिफेक ान करने वाले बैठे हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

डा0 मंगल जैनः स्पीकर साहब, बहुत जल्द ही मेरे दोस्त और इनका बापू इधर आने वाले हैं। (हंसी एवं भाोर)

Mr. Speaker: After this pleasant incident, let us get to the business.

Dr. Mangal Sein: We are happily ready for it.

Mr. Speaker: Chaudhri Rajinder Singh may please put his supplementary.

चौधरी राजेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं चीफ मिनिस्टर महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जो लाखों रूपया डिपार्टमैंट यूज नहीं कर पाया। इस के बारे में कोई जाचं करवाने का सरकार का विचार है और जो लोग इसके लिये दोशी पाए जाएंगे तथा उनको सजा दिलवाने की कृपा करेंगे?

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, हम सभी बातों की अच्छी प्रकार से इंक्वायरी करवाएंगे। अगर किसी का कोई फाल्ट हुआ या किसी ने जानबूझ कर इस काम में कोताही दिखाई होगी तो उस आफिसर और कर्मचारी के खिलाफ एक ान लेने की पूरी कोि ा ा करेंगे।

Loans/Subsidies by S.F.D.A./M.F.A.L.

***1422. Shri Shamsher Singh:** Will the Agriculture Minister be pleased to state-

a. the details of the schemes for grant of loans and subsidies initiated by the S.F.D.A./M.F.A.L. in district Jind; and

b. the total amount advanced as loans/subsidies under the above said schemes in Narwana constituency of district Jind during the years 1977-78, 1978-79 and 1979-80?

कृशि मंत्री (सरदार तारा सिंह):

ए. वि ोश निकाय किसानों को अनुमोदित परियाजेनाओं के लिए अनुदान प्रदान करती है।

सीमान्त किसानों तथा भूमिहीन कृशि श्रमिकों को दिये जाने वाले अनुदान दर 33½ प्रति ात जबकि लघु किसानों को दिये जाने वाले अनुदान की दर 25 प्रति ात है। ऋण सहकारिता/व्यापारिक बैंको द्वारा दिया जाता है। जिला जीन्द में

एस.एफ.डी.ए./मफाल द्वारा परियोजनाओं को कार्यान्वित करने हेतु ऋण/अनुदान का ब्यौरा संलग्न सूची में सदन के पटल पर रखा जाता है।

बी. प्र न के इस भाग में पूछी गई सूचना चुनाव–क्षेत्रवार तत्पर उपलब्ध नहीं है क्योंकि ऐसे आंकडे चुनाव क्षेत्रवार एकत्रित नहीं किये जाते।

सूची

एस.एफ.डी.ए. मफाल द्वारा जीन्द जिले में चालू की गई ऋण/अनुदान की स्मीकों का

ब्यौरा

कृशि क्षेत्र

1. उन्नत कृशि यन्त्रों का विवरण

इस स्कीम के अधीन डिस्क हैरो, स्पे पम्प तथा 3, 5. 60, 7.50 क्विन्टल एवं एक टन की क्षमता वाले मैटालिक विन्ज उपलब्ध किये जाते है। यह यन्त्र कृशि विभाग द्वारा तैयार की गई, मास्टर प्लान के अनुसार अनुमोदित फर्मज या कृशि उद्योग निगम द्वारा उपलब्ध कराये जाते है।

2. प्रद ान प्लाटों की परियोजना

इस परियोजना के अधीन लघु/सीमान्त किसानो के ½ एकड क्षेत्र में प्रद र्ान प्लाट लगाये जाते है जिनके लिये भात प्रति ात के आधार पर 200 रूपये प्रति प्लाट की दर से खाद इत्यादि दी जाती है

3. झौटा बुग्गी/ऊंट गाडी/बैलगाडी स्कीम

लघु तथा सीमान्त किसानों और भूमिहीन कृशि श्रमिकों को झौटा बुग्गी/ऊंट गाडी/बैलगाडी निर्धारित अनुदान की दरों पर उपलब्ध करवाई जाती है। इन गाडियों का मूल्य 2000 रूपये से 4000 रूपये प्रति गाडी होता है।

4. नलकूप/झल्लार

निकाल जिला के मीठे पानी के क्षेत्र में नलकूप लगाने के लिए अनुदान की रा ि ा प्रदान करती है। कम गहरे नलकूप लगाने की लागत 8 से 10 हजार रूपये के मध्य है। ऋण 5 एकड तक की भूमि वाले लघु किसानों को पी.एल.एम. बैंकों द्वारा प्रदान किया जाता है। भूमि सीमा एक्ट के अन्तर्गत प्रथम श्रेणी की सिंचाई योग्य भूमिस की सीमा 2.5 एकड निर्धारित है।

निकाल झल्लारों के लिये भी ऋण दिलाती है। झल्लार की कीमत 1500 रूपये से 2000 रूपये तक है। ऋण की रा ि ा पी.एल.एम. बैंक के माध्यम से दी जाती है तथा अनुदान की रा ि ा स्वयं निकाय सहन करती है।

प ाुपालन

1. दुधारू प ाुओं का वितरण

निकाय दुधारू प ाुओं की खरीद पर भी अनुदान देती है। इन प ाुओं की खरीद, कय–समिति जिसमें एक सहायक प ाुपालन चिकित्सक, वित्तीय संस्था का एक प्रतिनिधि तथा एक निकाय का प्रतिनिधि सम्मलित है के द्वारा की जाती है।

2. सुअर पालन

प्रत्येक इच्छुक किसान को 3 गर्भित सुअरियों का यूनिट जिसकी पूर्ण लागत 4200 रूपये है पर अनुदान दिया जाता है।

3. बछडी पालन

किसानों को बछडी पालन के लिये उत्साहित किया जाता है। इस तात्पर्य के लिये 2500 रूपये का ऋण प्रति बछडी की दर से अनुदान पर उपलब्ध किया जाता है। खरीद कय समिति द्वारा की जाती है।

श्री भाम ोर सिंहः स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत मिनिस्टर साहब से जानना चाहता हूं कि इस चालू वर्श में पूरे जिला जींद के लिये लोन और सबसिडी की कितनी रा ि ा दी गई है?

सरदारा तारा सिंहः स्पीकर साहब, वैसे तो यह सवाल सैपरेट है। आनरेबल मैम्बर मेरे पास त ारीफ ले आएं, मैं इनको ढूंढ कर यह सूचना दे दूंगा।

श्री अध्यक्षः आप मिनिस्टर साहब से मिल कर अपने सवाल के बारे में पूछ लीजियेगा।

श्री गुलजार सिंहः स्पीकर साहब, अभी मिनिस्टर महोदय ने बताया कि किसानों को 25 परसैन्ट और 33 परसेन्ट सबसिडी दी गई है और यह रा ि ा किसानों को बैंको की मारफत दी जाती है लेकिन बैंक वाले किसानों को बहुत परे ाान करते है। क्या मिनिस्टर महोदय के नोटिस में ऐसी बात है अगर है तो क्या ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार कोई कडा कदम उठाने का विचार रखती है जो किसानों को परे ाान करते हैं?

सरदार तारा सिंहः स्पीकर साहब, ऐसा कोई केस अगर सरकार के नोटिस में लाया जाएगा तो ऐसे लोगों के खिलाफ जरूर एक ान लिया जाएगा।

श्री अध्यक्षः ऐसी बातें काफी सामने आ रही है।

सरदार तारा सिंहः स्पीकर साहब, मैं आपको व आपके द्वारा हाउस को यह यकीन दिलाना चाहता हूं कि अगर कोई ऐसा केस हमारे सामने आयेगा तो दोशी लोगों के खिलाफ सवीयर एक ान लिया जाएगा।

चौधरी उदय सिंह दलालः स्पीकर साहब, अभी मिनिस्टर साहब कर रहे थे कि अगर उनके नोटिस में कोई ऐसी बात होगी तो उनके खिलाफ सवीयर एक ान लिया जाएगा। मैं झज्जर की ही एक मिसाल देता हूं। वहां पर किसानों को डीजल इंजन खरीदने के लिये रूपया दिया गया (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः अभी अभी इसी बारे में मिनिस्टर साहब ने अ योरैंस दिया है कि कोई स्पेसिफिक इन्टांस बताएं तो उनके खिलाफ सवीयर एक ान लिया जाएगा। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी उदय सिंह दलालः स्पीकर साहब, मैं आपको बताने लग रहा हूं। वहां पर यह हो रहा है कि रसीद तो ज्यादा की लेते है कागजी कार्यवाही हर प्रकार से पूरी कर लेते है लेकिन पैसा किसानों को मिलता ही नहीं है। इंजन खरीदने के लिये दुकानें मुकर्रर कर रखी हैं और वे कहते है कि फलां दुकान से ही इंजन खरीदो। इस तरह के गलत काम हो रहे हैं जिस से किसानों को कई प्रकार की दिक्कतें हो रही है क्या इस प्रकार की धांधली रोकने के लिये सरकार कोई कदम उठाने जा रही है ताकि आगे से किसानों के साथ किसी किस्म की हेरा फेरी न हो?

सहकारिता तथा योजना मंत्री (ठाकुर बीर सिंह): स्पीकर साहब, इस बारे में मैं जरा पोजी ान कलीयर कर देता हूं जैसे जैसे हमारे नोटिस में बातें आती रही .....

चौधरी मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, मैं भी सवाल कर देता हूं कि यह इक्ट्ठा जवाब दे दें तो बेहतर रहेगा।

श्री अध्यक्षः ठीक है।

चौधरी मूल चन्द जैनः अध्यक्ष महोदय, डेढ साल पहले सभी स्टेटों के कॉआपरेटिव आफिसर्ज के साथ, जिसमें भारत सरकार के आदमी भी भाामिल थे एक मीटिंग हुई थी। उस मीटिंग में यह कहा गया था कि इस स्टेट के बस की बात नहीं है। रिजर्व बैंक की तरफ से यह हिदायतें थीं कि किसानों को कै ा नहीं दिया जाएगा बल्कि उनको खास दुकानदारों के नाम चैक्स के द्वारा रा ि ा दी जाएगी और फिर हमारी सरकार की तरफ से, जिसमें चौधरी भजन लाल जी सहकारिता मंत्री थे, रिजर्व बैंक वालों को लिखा गया जिसमें किसानों की सहूलियतों के बारे में कुछ आव यक पग उठाने के लिये कहा गया था। मैं यह पूछना चाहता हूं कि आया रिजर्व बैंक की तरफ से सरकार को कोई जवाब मिला? क्या सरकार की सभी बातों को रिजर्व बैंक ने मान लिया है या नही?

ठाकुर बीर सिंहः स्पीकर साहब, आपने अभी बताया है कि बहुत ज्यादती हो रही है, ऐसे केसिज हमारे नोटिस में आए है। इतना ही नही, लोगों को पुराने इंजन रोगन करवा करके भी दिये गये, इस तरह की काफी इंस्टासिज हमारे नोटिस में आए हैं। हमने आफिसर्ज की मीटिंग इस मसले को हल करने के लिए

बुलाई थी और उस मींटिग में यह फैसला किया गया कि एग्रो इंडस्ट्रीज वाले की अपने लैवल पर मैनुफेकचर्रर से सीधे ही इंजन या मोटर्ज बगैरह लेकर कंज्यूमर्ज को ठीक प्राइसिज पर देंगे। इस प्रकार से हर बात का ध्यान रखा जाएगा कि किसानों को हर चीज जैनुअल मिले। इसके साथ साथ हमने अपनी ब्रांचिज को भी हिदायतें दी है कि किसी को भी इस बात के लिये मजबूर न किया जाए कि आप फलां फलां दुकानों से इंजन खरीदें। इसी सिलसिले में अभी अभी हमने रोहतक में एक मैनेजर के खिलाफ एक ान भी लिया है और उसको सस्पेन्ड भी कर दिया है क्योंकि उसने कुछ लोगों को मजबूर किया था कि आप फलां दुकान से इंजन खरीदो। जो माल किसानों को दिलवाया गया उन इंजनों को हमने चैक करवाया, उनके मार्के नहीं थे और इसी सिलसिले में हम सवीयर एक ान लैने जा रहे हैं। मैं हाउस को यकीन दिलाना चाहता हूं और इस बारे में हम पहले ही निर्णय ले चुके है कि हम किसानों को उनकी इच्छाओं के मुताबिक और स्टैनडर्ड की चीजें मुहैया करेंगे।

Mr. Speaker: I would like to congratulate the Hon'ble Minister for a detailed reply. पर मैं समझता हूं कि जमीदारों को जो फायदा सरकार से होना था वह नहीं हो रहा हैं। किसानों के साथ सचमुच में बडी लूट पाट हो रही है। मुझे उम्मीद है कि मंत्री महोदय अव य ही किसानों की इन दिक्कतों को दूर करवायेंगे।

ठाकुर बीर सिंहः स्पीकर साहब, इस बारे में मैं पहले ही कह चुका हूं कि हम किसानों को उनकी इच्छाओं के मुताबिक और स्टैन्डर्ड की चीजें सही दामों पर मुहैया करवाएंगे। स्पीकर साहब, मैं यहां हाउस में एक बात और भी कहना चाहता हूं। हमने पिछले महीने इसी सिलसिले में हैफेड वालों को और एग्रो इंडस्ट्रीज वालों को भी बुलाया था और यह हिदायतें दी थीं कि किसानों की हर जरूरत को समय पर पूरा किया जाए। अगर वे किसानों की जरूरतों को समय पर पूरा नहीं कर पाएंगे तो हम किसानों की हर जरूरत को पूरा करने की कोि ा ा करेंगे ताकि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाएं।

Mr. Speaker: Hon. Members, Question Hour is ove.

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर

Water Supply Schemes in Tohana Constituency

***1424. Chaudhri Karam Singh:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

a. whether it is a fact that four water supply schemes, namely Samain, Gujuwala, Nagla and Dangra were sanctioned in Tohana constituency;

b. if so, the reasons for not implementing these schemes so far; and

c. the time by which these are likely to be implemented?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी मेहर सिंह राठी):

क. जी, हां।

ख. योजनाएं कार्यान्वित के विभिन्न स्तरों पर हैं।

ग. इस बारे में कोई निश्चित तिथि नहीं दी जा सकती क्योंकि यह धनराशि की उपलब्धों पर निर्भर होगा।

Places visited By. C.M. and Ministers

***1411. Chaudhri Har Swarup Bura:** Will the Chief Minister be pleased to state-

a. total number of places visited by the Chief Minister, each Minister, Deputy Minister in the State during the period from 31st July, 1979, to date; and

b. the amount of T.A. and D.A. drawn by each Minister and the Chief Minister, separately during the period as referred to in part(a) above?

Chief Minister (Chaudhri Bhajan Lal):

a. The time and labour involved in collecting the information to answer this question will not be commensurate with any possible benefit to be derived therefrom.

b. A statement (Annexure 'A') containing the requisite information is laid on the Table of the House.

ANNEXURE 'A'

Statement showing the total expenditure incurred so far on TA/DA in respect of Chief Minister/Ministers and Deputy Ministers for the period from 31.07.79 to 31.01.80.

Sr. No.	**Name**	**Designation**	**TA/DA (in rupees)**
1	2	3	4
	Sarvshi-	C.M.	8826.00
1.	Bhajan Lal	F.M.	4047.25
2.	Balwant Rai Tayal	I.P.M.	4146.90
3.	Mehar Singh		
4.	Gajraj Nagar	F.S.M.	5536.00
5.	Jagan Nath	T.M.	3519.00
6.	Tara Singh	A.M.	3825.00
7.	Khurshid Ahmed	L.G.M.	3714.75
8.	Bir Singh	C.P.M.	3468.00
9.	Sher Singh	R.M.	2244.00
10.	Ram Pal Singh	P.W.M.	2448.00
11.	Shiv Ram	J.D.M.	3111.00

12.	Ram Narain	D.M.	3766.50
13.	Lal Singh	D.L.M.	2318.75
14.	Sardar Khan	D.H.M.	3060.00
15.	Devinder Sharma	D.I.P.M.	3668.00
16.	Prem Singh	D.A.M.	3060.00
17.	Mangal Sein	Ex. I.M.	5018.00
18.	Rizaq Ram	Ex. I.P.M.	2550.00
19.	Smt. Kamla Devi	Ex. H.M.	3862.75
20.	Agnivesh	Ex. E.M.	
21.	Jai Narain	Ex. D.L.G.M.	2448.00

Digging of Rangoi Drain

***1420. Chaudhri Peer Chand:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state the time be which the digging work on Rangoi drain in district Hisar is likely to be started and completed?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी मेहर सिंह राठी): खुदाई कार्य जल्द की भुरू किया जायेगा। मार्गद र्ी खण्ड 30.6. 80 तक पूर्ण किया जायेगा। जबकि सारा खण्ड 30.6.81 से पहले पूरा हो जाने की सम्भावना है।

Food for Work

***1423. Shri Shamsher Singh:** Will the Minister for Development and Panchayats be pleased to state-

a. the total quanity of wheat distributed under the schemes "Food for Work" from the date of its inception upto 31st January, 1980 in the Narwana constituency of district Jind; and

b. the details of the works executed under the schemes "Food for Work" during the period referred to the part(a) above?

विकास मंत्री (राव राम नारायण):

क. 572, 16 मीट्रिक टन

ख. 1. 37 कार्य तालाबों की खुदाई–मत्स्य पालन तथा प ुओं के पानी पीने हेतू।

2. 21 कार्य गलियों में मिट्टी डालने के–कुल लम्बाई 16–3/4 किलोमीटर

3. 9 कार्य लिन्क रोड बनाने के–लम्बाई 7–1/2 किलोमीटर

4. 4 कार्य हरिजन चौपालों में मिटटी भरने

Opening of workshops in each Panchayat/Block Samiti

***1425. Chaudhri Karan Singh:** Will the Minister for Development and Panchayats be pleased to state-

a. whether the Government opened workshops in/under each Panchayat/Block Samiti;

b. whether it is also a fact that these workshops were closed later on; and

c. whether th machinery purchased for the workshops is still lying idle; if so, whether the Government intends to sell these machineries to avoid the loss of lakhs of rupees?

विकास मंत्री (राव राम नारायण):

क. पंजाब राज्य के पुनर्गठन के समय कामन फैसीलिटी वर्क ाप केवल 24 ब्लाकों में खोली गई थी न कि सभी 87 खण्डों में।

ख. वर्श 1976 में ऊपर 'क' में से 21 वर्क ापें हरियाणा कृशि उद्योग निगम की स्थानान्तरित कर दी गई थी। बाकी 3 विकास विभाग में चल रही है।

ग. म ीनरी व पुर्जे हरियाणा कृशि उद्योग निगम को स्थानान्तरित कर दियें गये थे। अतः उनको बेचने का प्र न पैदा नही होता।

Criminal and Civil cases

***1436. Shri Hira Nand Arya:** Will the Minister for Transport be pleased to state the total number of civil and criminal cases pending in the High Court and Lower Courts at present?

Transport Minister (Shri Jagan Nath):

A statement containing the requisite information is laid on the table of the House.

STATEMENT

Pendency of cases as on 31-12-1979

	Civil	Criminal
High Court	30569 (Haryana cases are only 10081)	3546 (Haryana cases are only 866)
District/Additional District & Sessions Judges	16455 (in terms of units)	2595½ (in terms of units)
Subordings Judges-cum- Judical Magistrates	39333	38554

Quantum of work done under the Scheme "Food for Work" in District Karnal

***1433. Master Jogi Ram:** Will the Minister for Development and Panchayats be pleased to state-

a. the quantum of work done so far by the Gram Panchayat Karhans, block Smalkha, district Karnal under the "Food for Work" Scheme;

b. the quantum of work done in Harijan Basties and the value of the wheat given in lieu thereof;

c. whether the said amount is according to the ratio fixed by the Government; and

d. whether it is also a fact that the aforesaid Gram Panchayat got the work done through the labourers belonging to the weaker sections of the village?

विकास मंत्री (राव राम नारायण):

क. गलियों में मिटटी डलवाई गई है जिस की लम्बाई 1350 मीटर है।

ख. 1. गलियों में मिटटी डलवाई गई जिस की लम्बाई 225 मीटर है।

2. 4800/– रूपये मूल्य की।

ग. इस योजना के अधीन सरकार द्वारा हरिजन बस्तियों में कार्य करवाने के लिए कोई अनुपात नियम नहीं किया गया है।

घ. प्रस्तावित कार्य 115 व्यक्तियों द्वारा करवाया जाता है जिस में से 24 व्यक्ति पिछडे वर्ग, 5 अनुसूचित जातियों व 86 दूसरी जातियों से सम्बन्धित है।

Addition of Buses in the Haryana Roadways

***1449. Chaudhri Jagjit Singh Pohloo:** Will the Minister for Transport be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to add more buses in the existing fleet of buses of Haryana Roadways

during the year 1980-81, if so, the district wise number thereof?

Transport Minister (Shri Jagan Nath):

Yes, the department has planned to add 200 new buses in the fleet of Haryana Roadways for expansion of bus service during the year 1980-81. The depot-wise buses likely to be added are as under_

Depot	No. of new buses to be added during 1980-81
Ambala	15
Chandigarh	20
Karnal	20
Jind	15
Karnal	15
Sonepat	10
Y.Nagar	15
Gurgaon	20
Rohtak	15
Hissar	15
Rewari	15
Bhiwani	15

Sirsa	10
Total	**200**

Wheat brought to Mandies

***1427. Chaudhri Birender Singh:** Will the Minister for Agriculture be pleased to state-

a. the total quanity of wheat brought to the Mandies in the State during the years 1978-79 and 1979-80 to date; and

b. whether the Government has approached the Central Government to give remunerative price of wheat crop to the farmers for the year 1979-80; if so, the rate so recommended?

कृशि मंत्री (सरदार तारा सिंह):

क.

1	1978—79	10.02 लाख टन
2	1979—80	14.61 लाख टन
	(31—12—79 तक)	14.61 लाख टन

ख. जी हां। रूपये 145/—प्रति क्विंटल वर्श 1979—80 के लिए।

Regularisation of ad-hoc employees in the State

***1438. Shri Mool Chand Jain:** Will the Chief Minister be pleased to state-

a. whether all the ad-hoc employees in the State have been regularized; if not, the reasons therefore;

b. if reply to part(a) be in the negative the time by which the left-over ad-hoc employees are likely to be regularized; and

c. whether any representation from the employees not so far regularized has been received; if so, a copy thereof be laid on the Table of the House together with the action taken thereon?

Chief Minister (Chaudhri Bhajan Lal):

a. No, Sir. It has been decided that the services of only those ad-hoc Class-III employees (other than the teachers working in the Education Department) are to be regularized who were recruited through the Employment Exchanges and have completed a minium of two years service on the 31st December, 1979; who possessed the prescribed qualifications for the post at the time of ad-hoc appointment and whose work and conduct has been of an overall good category.

The services of all those, ad-hoc maters/mistresses and teachers, who have completed two years service between the period from the 1st April 1973 to the 31st December, 1979 without or with break not exceeding six weeks in a year, are also to be regularized.

